दिनांकः 03.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश की दो दिन की यात्रा पर–आज उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत।
- मां दुर्गा की आराधना का नौ दिवसीय पर्व–शारदीय नवरात्र आज से शुरू–कई शक्तिपीठों पर भर रहे हैं मेले।
- एमएसएमई मंत्रालय ने सूत कातने वालों के वेतन में 25 प्रतिशत और करघा चलाने वालों के वेतन में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की।
- आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप आज से–भारत का पहला मुकाबला कल न्यूज़ीलैंड से।

.....................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से प्रदेश की दो दिन की यात्रा पर रहेंगी। राष्ट्रपति आज उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। श्रीमती मुर्मू कल माउंट आबू में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता' विषय पर हो रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगी। इसके बाद वे बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में राज्य सरकार की ओर से आयोजित आदि गौरव सम्मान समारोह में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

.....................

मां दुर्गा की आराधना का नौ दिवसीय पर्व–शारदीय नवरात्र आज से धार्मिक उत्साह के साथ शुरू हुआ। मंदिरों और घरों में घट स्थापना की जा रही है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा–अर्चना की जाएगी। आज शैलपुत्री स्वरूप की अराधना की जा रही है। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। जयपुर के आमेर, दुर्गापुरा, झालाना और राजा पार्क सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। आमेर स्थित शिला माता मंदिर में आज से मेला भर रहा है। 13 अक्टूबर तक भरने वाले मेले को देखते हुए प्रशासन ने यातायात के विशेष प्रबंध किये हैं। जैसलमेर की भारत–पाक सीमा पर स्थित तनोट माता मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु यहां माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

.............

सीकर में आज से जीण माता मेला शुरू हो गया है। घट स्थापना के साथ जीण माता का विशेष श्रृंगार किया गया है। सवाईमाधोपुर में चौथ का बरवाड़ा स्थित मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। हनुमानगढ़ टाउन स्थित भद्रकाली और पल्लू में स्थित ब्रह्माणी मंदिर में मेले को देखते हुए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किये हैं। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए कई स्थानों पर भंडारे लगाए गए हैं। पाली के जोगमाया मंदिर को फूलों से सजाया गया है। डूंगरपुर और बालोतरा में विभिन्न दुर्गा मंदिरों में माता के जयकारे गूंज रहे हैं। करौली के कैलादेवी में आज से मेला भर रहा है। मेले में भाग लेने के लिए प्रदेश के अलावा आस–पास के राज्यों के लोग पहुंच रहे हैं।

.............

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर नवरात्र की शुरूआत के साथ ही आज से रामलीला का मंचल किया जा रहा है। कोटा का प्रसिद्ध दशहरा मेला भी आज से शुरू हो रहा है। सुबह आशापुरा माता की विधिवत पूजा की गई। शाम को श्री राम रंगमंच पर ध्वजारोहण के साथ रामलीला की शुरूआत होगी। रात को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मेले का उद्घाटन करेंगे। अजमेर के जवाहर रंगमंच पर भी रामलीला का मंचन किया जाएगा।

.....................

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। जयपुर में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आज शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसे देखते हुए शहर में यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इससे पहले कल बीकानेर में शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई

अग्रसेन सर्किल पहुंची। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह आज आयोजित होगा। कार्यक्रम में पूजन आरती के बाद मेधावी विद्यार्थियों, समाज के विशिष्ट जन, उद्यमियों और विभिन्न वर्ग की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। अजमेर में अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे नौ दिवसीय कार्यक्रम में कल केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और पूर्व मंत्री तथा विधायक अनीता भदेल मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्तदान शिविर और निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ।

.....................

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय ने सूत कातने वालों के वेतन में 25 प्रतिशत और करघा चलाने वालों के वेतन में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सूत कताई श्रमिकों को अब हर लच्छे पर 10 रुपये की जगह साढ़े बारह रुपये मिलेंगे। खादी उत्पादों पर 20 प्रतिशत और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत छूट की भी घोषणा की गई है। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि देशभर में खादी के उत्पादों पर यह छूट 30 नवम्बर तक दी जाएगी।

.....................

नीति आयोग की ओर से आकांक्षी जिलों और आशान्वित उपखंडों में चलाया जा रहा सम्पूर्णता अभियान सम्पन्न हो गया। पाली जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां रानी उपखंड में सभी छह सूचकांकों में शत–प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। समापन समारोह के दौरान पूरक पोषाहार की स्टॉल लगाई गई। वहीं चिकित्सा विभाग की ओर से लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जैसलमेर जिले के फतेहगढ ब्लॉक में सम्पूर्णता रैली निकाली गई। इसके अलावा स्कूलों में नाटक प्रस्तुत किया गया और पोस्टर तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कोटपूतली–बहरोड जिले के नीमराणा ब्लॉक में समापन समारोह के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि अभियान के तहत स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पोषण और सामाजिक विकास सहित छह सूचकांकों में शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के प्रयास किये गये।

.....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों की ई–नीलामी की तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। सरकार ने लोगों से ई–नीलामी में भाग लेने का आग्रह करते हुए कहा है कि इससे मिलने वाली धनराशि को नमामि गंगे फंड में दिया जाएगा। इच्छुक लोग आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कराकर नीलामी की प्रकिया में शामिल हो सकते हैं। नीलामी के लिए लगभग छह सौ स्मृति चिन्ह प्रदर्शित किए गए हैं।

.....................

आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप का नौवां संस्करण आज से संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में शुरू हो रहा है। शुरुआती मैच में बांग्लादेश का मुकाबला पहली बार मैदान में उतरने वाली स्कॉटलैंड की टीम से होगा। वहीं, भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच कल खेलेगा। इसमें कुल दस टीमें भाग ले रही हैं। यह टूर्नामेंट 20 अक्टूबर को समाप्त होगा। भारत और पाकिस्तान का मैच रविवार को खेला जाएगा।

.....................